e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 सं0 : 03/02–राज्य यो0–भू0अ0नि0 (वि0स0कर्मी) मुंगेर– 45/2022 3948 पटना, दिनांक 06/11/2026

आदेश

बन्दोबस्त कार्यालय, मुंगेर का पत्रांक 118 दिनांक 19.02.2025 के द्वारा शिविर प्रभारी–सह–विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, सदर मुंगेर से सुश्री पारूल कुमारी (Emp. ID- AEN11182), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध प्राप्त कतिपय आरोप के आलोक में संविदा समाप्ति की अनुशंसा की गई है।

प्राप्त अनुशंसा के आलोक में निदेशालय पत्रांक 3679 दिनांक 20.06.2025 के द्वारा श्री कुमारी से स्पष्टीकरण की मांग की गई, जिसके अनुपालन में श्री कुमारी द्वारा स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर समर्पित किया गया।

श्री कुमारी से प्राप्त स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर पर बन्दोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गई। कतिपय स्मारोंपरान्त बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा अपने मंतव्य में उल्लेख किया गया है कि इनका स्वभाव उग्र प्रवृत्ति का है तथा इनके साथ काम करने वाले सहकर्मी दहशत में रहते है। चेतावनी के बावजूद इनके कार्यशैली में कोई सुधार नहीं है। अतः श्री कुमारी की संविदा समाप्त करने की अनुशंसा की जाती है।

चूँकि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जो आम नागरिकों को पारदर्शी एवं जवाबदेह राजस्व सेवाएँ उपलब्ध कराने के दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी कर्मियों में आपसी समन्वय होना जरूरी है, किन्तु इनका कृत्य इस महत्वपूर्ण योजना के सफल क्रियान्वयन के प्रतिकूल है।

अतः बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा/मंतव्य एवं श्री कुमारी से प्राप्त स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर के विवेचनोपरान्त बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन (संशोधन) नियमावली, 2022 के कंडिका– 8(4) में निहित प्रावधान के आलोक में सुश्री पारूल कुमारी (Emp.ID-AEN11182), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, मुंगेर का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

(सुहर्ष भगत) 05/11/26
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/02–राज्य यो0–भू0अ0नि0 (वि0स0कर्मी) मुंगेर– 45/2022 3948 **पटना, दिनांक** : 06/11/2026

प्रतिलिपि : सुश्री पारूल कुमारी (Emp. ID- AEN11182), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, मुंगेर को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक 05/11/26
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/02–राज्य यो0–भू0अ0नि0 (वि0स0कर्मी) मुंगेर– 45/2022 3948 **पटना, दिनांक** : 06/11/2026

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक 05/11/26
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / 02–राज्य यो0–भू0अ0नि0 (वि0स0कर्मी) मुंगेर– 45 / 2022 3948 ..... **पटना, दिनांक** : 06/11/2026

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना, को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

साथ ही निदेशित किया जाता है कि इसकी स्कैन कॉपी R2R साफ्टवेयर के अन्तर्गत संधारित उक्त कर्मी का व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करें।

05/11/26

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप